न्यूज ब्रीफ

### स्वामी सोमनाथ एंव हाजी दूल्हा बेग मे लड़कियों ने लहराया परचम

शीशगढ़, : स्वामी सोमनाथ इंटर कॉलेज मानपुर की इंटर मे गौरी ने 78प्रतिशत अंक पाकर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि तासिया रहमान 76प्रतिशत दूसरे स्वीटी सिंह ने 75 .प्रतिशत अंक पाकर तीसरी स्थान पर रही। हाई स्कूल के विवेक ने 90प्रतिशतअंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। हार्दिक 89 प्रतिशत पर दूसरे,तथा रेखा ने 87 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहीं। हाजी दूल्हा वेग मेमोरियल इंटर कॉलेज में इंटर के मोहम्मद अरमान ने 86 .4 % अंक पाकर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया सोफिया ने 82 .6 %रिमझिम 80 .4 %अंक पाकर क्रमश: दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। हाई स्कूल की अंजलि ने 80 .16%लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेंबिश 79 .83% शशिवाला 77 .33 %के साथ क्रमश: दूसरे व तीसरे स्थान पर रही।

### स्वामी विवेकानंद का रिजल्ट रहा 98 प्रतिशत

मानपुर। स्वामी सोमनाथ इंटर कालेज मानपुर छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। कॉलेज का रिजल्ट 98 प्रतिशत रहा है। हाई स्कूल के छात्र विवेक ने 90 प्रतिशत अंक पाकर कॉलेज टॉप किया, हार्दिक ने 89 प्रतिशत अंक पाकर दूसरा स्थान व रेखा ने 87 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इंटर में गौरी ने 78 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, ताशिया रहमान ने 76 प्रतिशत अंक पाकर दूसरा व स्वीटी सिंह ने 75 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

# पिता के निधन के सदमे को सह कर जारी रखी पढ़ाई

## किसान, शिक्षा मित्र और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री के बच्चों ने सीमित साधनों में पढ़ाई में लगाया मन, सोशल मीडिया से बनाई दूरी

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** संजय पब्लिक इंटर कॉलेज मुझैना संतोष के इंटरमीडिएट के छात्र अनुज कुमार ने परीक्षा में 91.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में आठवां स्थान किया है। अनुज नवाबगंज के गांव नंदपुर के निवासी हैं। अनुज का कहना है कि वह बीटेक करना चाहते हैं। पढ़ाई के लिए उन्होंने कोई निश्चित समय निर्धारित नहीं किया, जब भी समय मिलता, पढ़ाई में जुट जाते थे। उनकी इस सफलता में परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। परीक्षा के कुछ माह पूर्व ही उनके पिता सुरेंद्र कुमार का निधन हो गया, जिससे वह गहरे सदमे में आ गए थे। हालांकि इस कठिन समय में भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपनी पढ़ाई जारी रखी। पांच भाई-बहनों में तीसरे स्थान पर रहने वाले अनुज ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर जिले में आठवां स्थान प्राप्त कर अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी माता सुधा रानी आंगनबाड़ी कार्यकत्री हैं। बतात हैं कि अब जीवन का संघर्ष शुरु हुआ है। प्रदेश के लाखों छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। आगे कंपटीशन है।


अनुज


लालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा भाव्या पाठक को उठाकर खुशी का इजहार करती छात्राएं ● अमृत विचार

### इंकम टैक्स अफसर बनने का है सपना



लालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के विवेक ने इंटर में 452 अंक प्राप्त कर 90 .40 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए अपने परिवार का नाम रोशन किया है। वह नवाबगंज क्षेत्र के गांव वालीनगर के निवासी हैं और बेहतर पढ़ाई के लिए नवाबगंज में किराये पर रहकर अध्ययन कर रहे हैं। विवेक किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता छोटे किसान हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने कड़ी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की है। विवेक रोजाना करीब 6 से 7 घंटे पढ़ाई करते हैं और उन्होंने कोचिंग का भी सहारा लिया। वह सोशल मीडिया से दूर रहकर पूरी तरह अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करते हैं। विवेक का सपना इनकम टैक्स ऑफिसर बनने का है। अपनी सफलता का श्रेय वह अपने माता-पिता और गुरुजनों को देते हैं। विवेक बताते हैं कि कठिन मार्ग पर चलने से ही सफलता मिलती है। उनका सिद्वांत है कि शुरुआत में आराम कर लिया तो आगे का जीवन दुख में बीतना तय है। अभी का संघर्ष आगे की राह को आसान बनाता है। कहते है कि अभी माता पिता के पैसे को उड़ाया तो खुद पैसा कमाने वाला नहीं बन पाऊंगा। सभी को इसका अनुसरण करते हुए आगे बढ़ता रहना चाहिए।

### आईएएस बनना चाहती हैं भाव्या



लालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की हाईस्कूल की छात्रा भाव्या पाठक ने 573 अंक प्राप्त कर 95 .50 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। उनके पिता अरविंद पाठक अध्यापक हैं, जबकि माता एकता पाठक गृहिणी हैं। भाव्या के बड़े भाई श्रेयांश पाठक ने भी 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। भाव्या अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को देती हैं। उनका सपना सिविल सेवा में जाकर आईएएस अधिकारी बनना है, ताकि वह देश की सेवा कर सकें।

### न्यायिक सेवा में जाना चाहते हैं अभिषेक



लालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के अभिषेक पुत्र चंद्रपाल, मोहल्ला गुलशन नगर, नवाबगंज के निवासी हैं। अभिषेक ने कक्षा 10 में 95 .50 प्रतिशत 573 अंक प्राप्त करके जिले में आठवां स्थान प्राप्त किया वह एक साधारण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आते हैं। उनके पिता ईको गाड़ी चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि उनकी माता योग्यवती गृहिणी हैं और घर का कार्य संभालती हैं। अभिषेक सोशल मीडिया जैसे इंस्टाग्राम और फेसबुक से दूर रहकर पूरी तरह अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उनका सपना है कि वह आगे चलकर जज बनें और अपने परिवार तथा समाज का नाम रोशन करें। इस अवस्था में जब बच्चे घूमने और अच्छे खाने की ओर लालायित रहते हैं उस अवस्था में अभिषेक अपने घर की स्थिति का आभास मन में रखते हैं। वर्तमान समय के व्यसनों से दूर रहकर परिवार की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए वह अपना ध्येय केवल पढ़ाई को बनाए हैं। जब भी पढ़ाई के लिए समय मिलता तब वह किताबों में खो जाते हैं।

### समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं शिवांश



**फतेहगंज पूर्वी :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल में जिले की टॉपर सूची में नाम दर्ज कराने वाले फतेहगंज पूर्वी निवासी शिवांश मिश्र ने 94 .33 फीसदी अंक हासिल किये हैं। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र शिवांश ने टापर की सूची में नाम दर्ज कराकर विद्यालय के साथ साथ अपने शिक्षा मित्र पिता अमित मिश्र व गृहणी मां प्रीती मिश्रा का नाम रोशन किया है। शिवांश बताते हैं कि मेहनत और लगन से किया गया परिणाम सुखद परिणाम देता है। वे आईएएस बनकर प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं। इसके लिए वह अभी से सामान्य ज्ञान, करंट अफेयर्स और व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देंगे। शिवांश के शिक्षक चाचा मनोज मिश्र ने इस सफलता पर खुशी जाहिर की है। शिवांश की इस सफलता पर दादी मंजू लता ,ताई पूनम मिश्रा, भाई अंश ,हनू ,बहन मानसी ने मिठाइयां बांटी तथा जश्न मनाया। शिवांश को बधाई देने का तांता लगा है। इस दौरान तिलहर क्षेत्र के पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना, पूर्व चेयरमैन शब्बीर अहमद, प्रधान बिलपुर सुधीर मिश्रा, कामराज मिश्रा, रामसेवक शर्मा पवन राज मिश्रा, , फारूक अहमद एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के मांडलिक मंत्री मुकेश चौहान, जिला अध्यक्ष शिव स्वरूप शर्मा , सुनील शुक्ला, आदि ने बधाई दी है।

### आईएएस बन समाज की सेवा करना चाहती अनुष्का



एस एस टी इंटर कॉलेज की छात्रा अनुष्का ने कक्षा 10 की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार का नाम रोशन किया है। वह ग्राम रसूला तालिब हुसैन की निवासी हैं और पढ़ाई के लिए नवाबगंज में किराये पर रहकर अध्ययन कर रही हैं। अनुष्का के पिता वेदपाल पब्लिक स्कूल में शिक्षक हैं, माता जावित्री देवी गृहिणी हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति साधारण है, उनका सपना आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है।

# 10वीं में गोविंदा 12वीं में राखी रहीं स्कूल टॉपर

संवाददाता, सेंथल

**अमृत विचार :** एसआर इंटर कॉलेज में हाईस्कूल में गोविंदा ने 87.5 प्रतिशत अंक लाकर पहला स्थान हासिल किया। सिमरन ने 85.5 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा , मोहम्मद शारिक ने 83.5 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा दिव्या ने 82.8 प्रतिशत, पूजा ने 82 प्रतिशत, स्नेहा ने 82 प्रतिशत, आलिया ने 81.3 प्रतिशत अंक हासिल किए। इंटर मीडिएट में राखी गंगवार ने 82 प्रतिशत अंक लाकर पहला स्थान हासिल किया। मोहम्मद सोहिल ने 77.6 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान हासिल किया। ज्योति ने 76.6 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे।

**आंवला में चौधरी काशीराम यादव इंटर कॉलेज का शत-प्रतिशत परिणाम**

रामनगर स्थित चौधरी काशीराम यादव इंटर कॉलेज ने अपनी परंपरा को बरकरार रखते हुए इस वर्ष भी शत-प्रतिशत (100%) परीक्षा परिणाम दिया है। हाईस्कूल में कोमल ने 89.33% अंकों के साथ श्रेष्ठ प्रदर्शन किया, वहीं इंटरमीडिएट में परविंदर सिंह ने 83.44%अंक पाकर विद्यालय टॉप किया।

ज्ञानदीप इंटर कॉलेज में पायल यादव 84 प्रतिशत अंकों के साथ बाजी मारी। इसके अतिरिक्त सीमा, सुमित और प्रशांत ने समान रूप से 82प्रतिशत अंक अर्जित किए। दिवाकर (78प्रतिशत), झलक सिंह (74प्रतिशत), शिफा सिंह (74प्रतिशत) और भावना यादव (73प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंजलि प्रजापति, अमन, महक और प्रखर विद्यार्थी ने भी सम्मानजनक अंक प्राप्त किए।

वसुंधरा इंटर कॉलेज सिरौली के भारत मिश्रा ने 89.83प्रतिशतअंकों के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के कृष्णा गुप्ता (87प्रतिशत) और विशाल शर्मा (83प्रतिशत) भी अग्रणी रहे।राष्ट्रीय कृषि एवं उद्योग इंटर कॉलेज, सिरौली के छात्र उत्कर्ष तिवारी 92 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान पर रहे।

**क्योलड़िया,** कमला तुलसी इंटर कॉलेज में हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 92 फीसदी और इंटरमीडिएट का परिणाम 91फीसदी रहा । हाईस्कूल और इंटर में छात्राओं ने झंडा गाड़े। इंटरमीडिएट में सीनम वी, प्रियांशी , विकास ,ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया जबकि हाई स्कूल में काजल ,रोशनी ,प्रिया, सना वी, पूनम ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया ।

### शेरगढ़ की छात्राओं का प्रशंसनीय प्रदर्शन


सीता


सुरभि


जुगनी


दीक्षा


पारस


मो . अनस


उमा

शेरगढ़ : राजकीय इंटर कॉलेज शेरगढ़ की छात्राओं ने प्रशंसनीय प्रदर्शन किया है। हाई स्कूल का परीक्षाफल 86 .4 प्रतिशत तो इंटरमीडिएट का 91 .25 प्रतिशत रहा। हाई स्कूल यूपी बोर्ड परीक्षा में छात्रा सीता ने 85 .5 प्रतिशत, सुरभि ने 81 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। वहीं इंटरमीडिएट में जुगनी पाठक ने 78 .8 प्रतिशत,दीक्षा ने 78 .6 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। सालिक राम एसबीएम इंटर कालेज भिलैया के छात्र पारस शर्मा ने इंटरमीडिएट में 76 .4% तथा मोहम्मद अनस ने 71 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। जबकि हाई स्कूल में मुस्कान ने 91 .16% अंक प्राप्त कर तहसील में तथा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, शाहगुल फातिमा तथा दक्ष गंगवार ने संयुक्त रुप से 89 .50 अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा शिवम ने 87% पर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### मीरगंज में विद्यार्थियों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन


कीर्ति


करिश्मा


गरिमा


उत्सव वन


अनमता बी


शिवानी


जिया फातिमा


आशीष राणा


कुलदीप


राखी


विक्रम


अंकित

**मीरगंज :** स्वामी दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 189 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए, जिसमें विद्यालय का कुल परीक्षा फल 99 .47% रहा। विद्यालय के छात्र उत्सव वन ने 600 में से 528 अंक प्राप्त कर 88% प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं गरिमा शर्मा 600 में से 522 अंक प्राप्त कर 87% द्वितीय स्थान और सतेंद्र सिंह ने 600 में से 515 अंक प्राप्त कर 85 .83 तृतीय स्थान पर रहे। इंटरमीडिएट में करिश्मा गंगवार ने 500 में से 425 अंक प्राप्त कर 85% द्वितीय स्थान कीर्ति शर्मा ने 500 में से 424 अंक प्राप्त कर 84 .6 % प्रतिशत व तृतीय स्थान आर्यन ने 500 में से 411 अंक प्राप्त कर 82 .2% प्राप्त कर विद्यालय में स्थान प्राप्त किया।

के . एस . जी इंटर कॉलेज में हाइस्कूल में अनमता बी ने 90% , जिया फातिमा ने 85 .60% , और शिवानी ने 83 .40% अंक हासिल किए। वहीं इंटरमीडिएट में मो0 समद खान ने 88% , आदित्य मौर्य ने 87 .30% , और एंजिल ने 85 .16% अंक हासिल किए। श्रीमती कमला देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड हाईस्कूल में आशीष ने 89 .5%, अंकित ने 87 .5% और आशीष राणा ने 87% अंक हासिल किए। वहीं इंटरमीडिएट में राखी गंगवार ने 87% , विकास ने 84% और कुलदीप गंगवार ने 78 .8% अंक हासिल किए। विद्यालय के प्रबंधक प्रेमपाल गंगवार और प्रधानाचार्य मोहम्मद असलम ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दिव्य कृपाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट में सेजल 82 .6% , और हाइस्कूल में नैना ने 80% अंक हासिल किए। सन्त मंगल पुरी इंटर कालेज में हाईस्कूल में छात्रा मुस्कान बी ने 91 .16 % स्थान पाकर तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त किया है । इंटर में अंशिका कुमारी 87 .60%, द्वितीय स्थान पर अमित कुमार 84 .60% तथा तृतीय स्थान पर गार्गी ने 83 .80% अंक प्राप्त किये हैं।




न्यूज ब्रीफ

### बजट नहीं है, कहकर पात्रों को टाल रहा समाज कल्याण विभाग

**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना के क्रियान्वयन में हो रही घोर लापरवाही और अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सिकलापुर के पार्षद जय प्रकाश राजपूत ने गंभीर सवाल उठाए हैं। मंडलायुक्त को भेजे गए शिकायती पत्र में पार्षद नेकहा कि उनके वार्ड के कई पात्र लाभार्थियों ने योजना के तहत विधिवत पंजीकरण कराया है, लेकिन आज तक उन्हें कोई आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं हुई है। पार्षद का कहना है कि जब इस संबंध में मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई, तो समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बजट उपलब्ध होने पर भुगतान किया जाएगा, जैसी भ्रामक और औपचारिक आख्या प्रस्तुत कर शिकायत को निस्तारित कर दिया है। पार्षद ने कमला, कांति देवी, स्मृति देवी, नन्ही देवी और मीरा देवी जैसे कई पात्र लाभार्थियों का विवरण साझा करते हुए बताया कि ये सभी परिवार मदद की आस में सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने जांच करालापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों के पर कार्यवाही करने और भुगतान की समयसीमा निर्धारित करने की मांग की।

### सरस्वती विद्या मंदिर में ई वोटिंग प्रणाली से हुआ छात्र सांसद चुनाव

**आंवला अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर भुर्जी टोला में गुरुवार को ई वोटिंग प्रणाली से पारदर्शिता पूर्ण छात्र सांसद चुनाव का आयोजन किया गया जिसमें चुनाव प्रभारी विद्यालय प्रधानाचार्य गवेंद्र सिंह चौहान एवं निर्वाचन अधिकारी वरिष्ठ आचार्य धर्मेंद्र कुमार रहे। उपरोक्त चुनाव ई वोटिंग प्रणाली के अंतर्गत आचार्य सुधांशु गुप्ता अखिल गुप्ता के अनुदेशन में संपन्न हुआ। इस दौरान 60 प्रतिभागियों ने नामांकन कराया। विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा परिणाम घोषित करते हुए बताया गया कि चंद्रशेखर आजाद दल ने सर्वाधिक 8 संसदीय क्षेत्र पर विजय प्राप्त करते हुए सर्वाधिक मत भी प्राप्त किये एवं द्वितीय स्थान पर केशव दल तथा तृतीय स्थान पर भगत सिंह दल रहा।

### संपर्क कर रहे शिक्षक

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** सरकारी विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे स्कूल चलो अभियान के तहत शिक्षक अब गांव –गांव घर–घर जाकर अभिभावकों से संपर्क कर रहे हैं।

# बहेड़ी में मिशन एकेडमी के स्टूडेंट्स का दबदबा

## हाई स्कूल में देवराज और इंटर में अंजलि ने किया तहसील बहेड़ी टॉप, शिक्षकों ने दी बधाईयां

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड के हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के आए परीक्षा परिणामों में बहेड़ी में मिशन एकेडमी के स्टूडेंट्स का दबदबा रहा, और उन्होंने मिशन का परचम लहराया।

● साईं दत्ता राम की तनिष्का इंटर में तीसरे स्थान पर रही

हाई स्कूल में मिशन एकेडमी के छात्र देवराज ने 91.16 प्रतिशत अंक हासिल कर बहेड़ी टॉप किया, जबकि इंटरमीडिएट में भी मिशन की छात्रा अंजलि ने 88.6 प्रतिशत अंक लाकर बहेड़ी टॉप किया। हाई स्कूल में तो मिशन के शिवम 89.83 प्रतिशत और मनीषा 89.66 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इंटरमीडिएट में भी दूसरा स्थान मिशन की ही छात्रा अफसरा रही। उसने 85 प्रतिशत अंक हासिल किए। इंटरमीडिएट में तीसरे नम्बर पर साईं दत्ता राम की छात्रा तनिष्का रही। उसने 83.4 प्रतिशत अंक हासिल किए।

मिशन एकेडमी का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट में पिंकी ने 81.6 प्रतिशत अंक हासिल किए, और वह कॉलेज में तीसरे नम्बर पर रही। कॉलेज के अच्छे रिजल्ट पर कॉलेज के मैनेजर एम एस गंगवार ने ख़ुशी ज़ाहिर करते हुए बच्चों को बधाई दी। एमडी शेखर गंगवार ने बच्चों के अच्छे प्रदर्शन को उनकी मेहनत और टीचर्स के सही मार्गदर्शन का नतीजा बताया। प्रधानाचार्य प्रताप सिंह ने स्टूडेंट्स को अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



बहेड़ी में देवराज के टाप करने पर खुशी से छात्रों ने उठा लिया। ● अमृत विचार



अफसरा



रिंकी



शिवम



तनिष्का



दीपांशु



वैशाली



अलसिफा

### गीतांजलि में विकास इंटर तो निहारिका हाई स्कूल में टॉपर

बहेड़ी के गीतांजलि पब्लिक इंटर कॉलेज में हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा, जबकि इंटरमीडिएट का रिजल्ट 98 प्रतिशत रहा। हाई स्कूल में निहारिका ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया, तो इंटर में विकास ने 79 प्रतिशत अंक हासिल कर कॉलेज टॉप किया। हाई स्कूल की छात्रा ऋषिका 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में दूसरे और छात्र प्रमोद ने 83 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान पाया। इंटरमीडिएट रामचंद्र ने 73 और सुमित ने 72 प्रतिशत अंक हासिल कर कॉलेज में दूसरा और तीसरा स्थान पाया। गीतांजलि के निदेशक प्रतीक धीगड़ा ने कॉलेज के अच्छे रिजल्ट को स्टूडेंट्स की लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का नतीजा बताया। मैनेजर ललित पिपलानी ने सफल स्टूडेंट्स को बधाई दी, और अनुशासन के साथ निरंतर प्रयास करने की अपील की। प्रिंसिपल सचिन सिन्हा ने स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### साईं दत्ता राम में 10 वीं में छात्राएं तो 12 वीं में छात्रों का दबदबा

साईं दत्ता राम धौंगड़ा इंटर कॉलेज में हाई स्कूल एग्जाम में रितांश ने 88 .83 प्रतिशत अंक लाकर कॉलेज में पहली पोजीशन हासिल की। मानवी 88 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे और छाया 87 .5 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे स्थान पर रही। कॉलेज के टॉप 8 स्टूडेंट्स में 6 छात्राएं रहीं। इंटरमीडिएट में तनिष्का और वेद प्रकाश ने बराबर 83 .4 प्रतिशत अंक हासिल कर कॉलेज में पहला स्थान बनाया। दिपांशु गंगवार ने 83 .2 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरी और सृष्टि सिंह ने 81 .8 प्रतिशत अंक हासिल कर कॉलेज में तीसरी पोजीशन हासिल की। कॉलेज में इंटरमीडिएट में छात्रों का प्रदर्शन अच्छा रहा। हाई स्कूल से उलट यहाँ टॉप 8स्टूडेंट्स में 6 छात्र रहे।

### मोती माधव में महीन ने किया स्कूल टॉप

मोती माधव हायर सेकेण्डरी स्कूल में महीन ने 86 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में पहला स्थान पाया। वैशाली ने 82 .5 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में दूसरी पोजीशन और अलशिफा ने 80 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल की मैनेजर उमा पाण्डेय ने स्कूल के बच्चों के अच्छे प्रदर्शन पर ख़ुशी व्यक्त की। प्रिंसिपल मोहम्मद दानिश ने स्टूडेंट्स को बधाई दी, और टीचर्स के योगदान की सराहना की।

# झाड़ियों में घात लगाकर की गई हत्या का खुलासा

संवाददाता, भमोरा

**अमृत विचार :** थाना भमोरा पुलिस ने 18 अप्रैल को हुई हत्या का खुलासा करते हुए दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 315 बोर के दो तमंचे व जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। घटना पुरानी रंजिश का नतीजा बताई जा रही है।

ग्राम भीकमपुर निवासी धर्मपाल ने बताया कि 18 अप्रैल को उसके भाई कल्यान सिंह (48) की आरोपियों ने झाड़ियों में घात लगाकर गोली मारकर हत्या कर दी। जिसके बाद हवाई फायर करते हुए आरोपी फरार हो गए। इस मामले में सात नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बल्लिया-दातागंज मार्ग पर स्थित एक खाली पड़े ईंट भट्ठे के पास से दो वांछित आरोपियों नरवीर और फूल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में दोनों के पास से एक-एक 315 बोर तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी फूल सिंह ने बताया कि करीब एक साल पहले कुड्डा बाजार में मृतक के परिजनों से उसकी मारपीट हुई थी, जिसके बाद दोनों पक्षों में रंजिश चल रही थी। कुछ दिन पहले साथी जीराज और कल्यान के बीच भी विवाद हुआ था। इसी रंजिश में आरोपियों ने मिलकर हत्या की साजिश रची और 18 अप्रैल की सुबह खेत पर जाते समय कल्यान को गोली मार हत्या कर दी। एसएचओ भमोरा पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। बताया कि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### मुख स्वास्थ्य दिवस पर शिक्षा विभाग में व्याख्यान

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. संतोष अरोरा के निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न हुआ, जबकि संचालन छात्रा मीनू पांडे ने किया। बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय की दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रेरणा अग्रवाल ने दिन में दो बार ब्रश करने, दो मिनट तक ब्रश करने और वर्ष में दो बार दंत चिकित्सक से जांच कराने की सलाह दी। उन्होंने फ्लॉसिंग, जीभ की सफाई, बैड ब्रीथ, रूट कैनाल और डेंटल इम्प्लांट जैसे विषयों पर भी जानकारी दी तथा संतुलित आहार के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रामबाबू सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### हजयात्रियों का किया गया शिविर में टीकाकरण

**बरेली:** आजमीन ए हज की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण कराया। चौपुला स्थित पुलिस अस्पताल (अर्बन पीएचसी) में टीकाकरण किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि आजमीन के वैक्सीन लगवाई गई। अब द्वितीय चरण में 25 अप्रैल की सुबह 10:30 बजे टीकाकरण किया जाएगा। चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमनदीप कौर ने कहा कि हजयात्रियों के टीके लगाये गये।

## सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण में देरी पर गिरेगी गाज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम सिटी सौरभ दुबे की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक में 18 पूर्व सैनिकों ने विभिन्न विभागीय समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। एडीएम सिटी ने अधिकारियों को फोन लगाकर मौके पर ही समाधान कराया।

बैठक में पुराने लंबित 13 मामलों की समीक्षा की गई, जिनमें से तीन का निस्तारण पाया गया। शेष मामलों में देरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए एडीएम सिटी ने पूर्व सैनिकों को अनावश्यक चक्कर न लगवाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान 30 नए प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से नौ का तत्काल समाधान कराया गया। एडीएम सिटी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 15 दिन के भीतर हर हाल में निस्तारण आख्या उपलब्ध कराई जाए। चेतावनी दी कि यदि समय सीमा के भीतर संतोषजनक रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती है, तो संबंधित अधिकारियों को स्पष्टीकरण देना होगा। बैठक में सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर सतीश कुमार, एएसपी आदि मौजूद रहे।

### सोबती ने जेपीएम और बासुबरल ने बेदी को हराया

**बरेली, अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सेवन के नौवें दिन गुरुवार को तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच में सोबती पब्लिक स्कूल ने जमुना प्रसाद मेमोरियल (जेपीएम) स्कूल को 53 रन से हरा कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया।

चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में बासुबरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने बेदी इंटरनेशनल की टीम को 17 रन से हराकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया।

# छात्रा से छेड़छाड़, घर में घुसकर पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में युवक ने छात्रा का पीछा कर छेड़छाड़ की, विरोध करने पर घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

पिता ने बताया कि उनकी बेटी स्कूल और कोचिंग जाती है, तब पड़ोस का युवक रोहन उसका पीछा कर अश्लील फब्तियां कसता था।

कई बार समझाया और उसके घर भी शिकायत की। युवक की हरकतें बढ़ती चली गईं। 20 अप्रैल की सुबह छात्रा कोचिंग जा रही थी, तभी आरोपी ने उसे रास्ते में रोक लिया। छेड़छाड़ करते हुए जबरन अपने साथ ले जाने की कोशिश की। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी भाग गया। पिता आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे, तो विवाद हो गया। कुछ देर बाद आरोपी के परिवार के लोग समेत अज्ञात लोग लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए और जमकर मारपीट तोड़फोड़ की। जान से मारने की धमकी देकर आरोपी फरार हो गए।

### मुंशी नगर में नशे में की छेड़खानी महिला के पति को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के मुंशी नगर में छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। महिला ने बताया कि वह अपने पति और बेटी के साथ देर रात घर लौट रही थी। गली में रहने वाला युवक की नशे की हालत में छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी उग्र हो गया। पीड़ित परिवार घर पहुंचा तो विवाद और बढ़ गया। इस दौरान आरोपी का पिता भी आ गया और बेटे को समझाने का प्रयास किया। युवक ने महिला के पति को बेरहमी से पीटा और पत्थर से सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


## कार्यालय जिला पंचायत, बदायूँ

पत्रांक : 94/जि.पं./नि.अनु./2026-27 दिनांक : 23.04.2026

### अल्पकालीन सामान्य निविदा सूचना

उ.प्र. शासन के आदेश सं. 05/2019/2902/33-2-2019-198जी/2018 दिनांक 16 अगस्त 2019 व शासनादेश सं. 1129/33-2-2020-167जी/2018 दिनांक 03 जून 2020 में दी गई व्यवस्था के अधीन समस्त जिला पंचायत में पंजीकृत ठेकेदारों, लो.नि.वि. एवं सिंचाई विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग, 15वां वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड) अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत 23 कार्यो की सामान्य निविदायें दिनांक 14.05.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक बन्द लिफाफे में आमंत्रित की जाती है जो इसी दिनांक 14.05.2026 की दोपहर 02:00 बजे से कार्यालय जिला पंचायत, बदायूं में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 14.05.2026 समय 11:00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत से प्राप्त कर सकते है। निविदा शुल्क की धनराशि फार्म-5, आर.टी.जी.एस. (RTGS)/एन.ई.एफ.टी. (NEFT) के माध्यम से जिला निधि के खाता सं. 09830100009167 आई.एफ.एस.सी. कोड BARBOBADAUN में जमा करना अनिवार्य होगा और जमा निविदा शुल्क की युनिक नम्बर रसीद व 10% (दस प्रतिशत) धरोहर (जमानत) धनराशि की एफ.डी.आर. जो अपर मुख्य अधिकारी के पद नाम से बंधक हो के साथ-साथ जी. एस. टी. पंजीकरण प्रमाण पत्र, आयकर व ठेकेदारी का नवीनीकरण/पंजीकरण प्रमाण पत्र को स्कैन कर निविदा प्रपत्र के साथ लगाना अनिवार्य है। किसी भी निविदा पर बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी/अध्यक्ष, जिला पंचायत में निहित होगा। सशर्त प्राप्त निविदा तथा नियत तिथि व समय उपरान्त कोई भी वाद व प्रार्थना पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त जानकारी BADAUN.NIC.IN पर भी देखा जा सकता है। निविदा सम्बन्धी अन्य कोई जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय आकर प्राप्त की जा सकती है। विवरण निम्न प्रकार है –

| क्र.सं. | क्षत्र पंचायत का नाम | कार्य का नाम | अनु. धनराशि (रू. में) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पंचम राज्य वित्त | | | | |
| 1. | समरेर | दातागंज बरेली मार्ग से गांव समरेर में प्रा.वि. ओर स्टेट बैंक की ओर सी.सी. कार्य | 353912 | 35400 | 1200 | 60 दिन |
| 2. | सहसवान | मुजरिया चौराहे स्थित नव निर्मित गौशाला में अवशेष बाउण्ड्री वॉल कार्य | 178433 | 17850 | 1200 | 60 दिन |
| 3. | जगत | ग्राम किसरूआ मेन रोड से भानू के मकान से आरोग्य मंदिर तक सी.सी. कार्य | 563840 | 56400 | 1200 | 60 दिन |
| 4. | सलारपुर | ग्राम ललई हाकिम सिंह के मकान से आंगनबाड़ी केन्द्र तक सी.सी. कार्य | 462232 | 46250 | 1200 | 60 दिन |
| 5. | सहसवान | ग्राम खुखनिया जोजे में गूड्डू के मकान से मंदिर तक सी.सी. कार्य | 643315 | 64350 | 1200 | 60 दिन |
| 6. | दहगवां | ग्राम मझोलरा में श्री कृष्ण के घर से मनोज के घर तक नि.खं. कार्य | 196725 | 19700 | 1200 | 60 दिन |
| 7. | मुख्यालय | जि.पं. कार्यालय मुख्य द्वार से जिला पंचायत कार्यालय परिसर तक पैच मरम्मत कार्य | 265852 | 26600 | 1200 | 60 दिन |
| 8. | कादरचौक | ग्राम धौकन नगला में मेन रोड से शिव मंदिर तक सी.सी. कार्य | 689458 | 68950 | 1200 | 60 दिन |
| 9. | सहसवान | ग्राम दरियापुर में काले रोड से भाय सिंह के मकान तक सी.सी. कार्य | 668603 | 66900 | 1200 | 60 दिन |
| 10. | सहसवान | ग्राम परसोना में मेन रोड से गांव की ओर सी.सी. कार्य | 753398 | 75350 | 1200 | 60 दिन |
| 11. | सहसवान | ग्राम मुडसान गांव में मंदिर तक सी.सी. कार्य | 541073 | 54150 | 1200 | 60 दिन |
| 12. | कादरचौक | कादरचौक नखासा से सिमरिया मार्ग पर पड़ने वाले पहुंच मार्ग पर मि.खं. कार्य | 282873 | 28300 | 1200 | 60 दिन |
| 13. | उझानी | ग्राम हजरतगंज कोठी नगला मार्ग के बीच डामर रोड तक अव. भाग पर. मि./ख. | 525041 | 52550 | 1200 | 60 दिन |
| 14. | उझानी | उझानी बदायूं मार्ग से ग्राम भवानीपुर तक विशेष मरम्मत लेपन कार्य | 355402 | 35550 | 1200 | 60 दिन |
| | | 15वां वित्त आयोग अनटाइड | | | | |
| 15. | सहसवान | ग्राम महमूदपुर उधा में मेन रोड से भमोरी मार्ग तक मि.ख. कार्य | 583374 | 58350 | 1200 | 60 दिन |
| 16. | म्याऊं | ग्राम कनउ खेड़ा में फौजी के मकान से ढका खरन्जे का अवशेष भाग पर मि.खं. कार्य | 196725 | 19700 | 1200 | 60 दिन |
| 17. | सहसवान | ग्राम रम्पुरा में स्कूल से गांव की तरफ मि.खं. कार्य | 835815 | 83600 | 1200 | 60 दिन |
| 18. | सहसवान | ग्राम गुगौआ में टिटौली तक मि.ख. कार्य | 817738 | 81800 | 1200 | 60 दिन |
| | | 15वां वित्त आयोग टाइड | | | | |
| 19. | कादरचौक | ग्राम सरकी में पप्पू प्रधान के खेत से पुलिया तक नाला निर्माण कार्य | 523693 | 52400 | 1200 | 60 दिन |
| 20. | सहसवान | ग्राम साड़ी में पुराने नाले का अवशेष भाग में नाला निर्माण कार्य | 316985 | 31700 | 1200 | 60 दिन |
| 21. | बजीरगंज | ग्राम अगेई में रामचन्द्र के मकान के पास पुराने नाले से खन्ती तक नाला निर्माण कार्य | 652496 | 65250 | 1200 | 60 दिन |
| 22. | सहसवान | ग्राम नगला चोई में लक्ष्मीनारायण के मकान से पुराने नाले तक नाला निर्माण कार्य | 452392 | 45250 | 1200 | 60 दिन |
| 22. | म्याऊ | ग्रात गौतरा पट्टी नाजिम खां स्कूल के पास से रघुराज पाली के घर से खन्दी तक नाला निर्माण कार्य | 798124 | 79850 | 1200 | 60 दिन |

नोट :-

1. जिला पंचायत के पंजीकृत ठेकेदारों, लो.नि.वि. एवं सिंचाई विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत प्रपत्र-1, 2 व 3 प्रमुख सचिव पंचायतीराज अनु.-2 के पत्रांक 819/33-2-2007-100 जी/2006 दिनांक 10 अप्रैल 2007 के अनुसार वैद्य होना अनिवार्य है।
2. कार्यो के अनुबन्ध आदि की कार्यवाही सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त एवं धनराशि की उपलब्धतानुसार ही किया जायेगा।
3. निर्माण कार्यों में जी.एस.टी. का भुगतान पृथक से देय होगा जो कार्यों के प्राक्कलन में पृथक से नियमानुसार लगायी गयी है।
4. लेपन कार्य हेतु मैक्सफाल्ट व इमल्शन सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा क्रय कर भुगतान से पूर्व सी.आर.सी. कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा तथा सी.आर.सी. का सत्यापन उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।

(पवन कुमार गोयल) अभियन्ता जिला पंचायत, बदायूँ

(विनोद कुमार सिंह) अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, बदायूँ

(वर्षा सिंह) अध्यक्ष जिला पंचायत, बदायूँ



IS 15700:2018

## उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक

122, सिविल लाइन्स, बरेली E-Mail Id:-upavp.bly@rediffmail.com

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की आवासीय सम्पत्तिय के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण / नामान्तरण किये जाने हेतु परिषद में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन / भूखण्ड संख्या, सेक्टर / खण्ड व योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से मृतक का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्व० श्री सतीश चन्द्र पुत्र श्री सुम्मेर सिंह | दुर्बल आय वर्ग भवन सं०-ए-657, राजेन्द्र नगर, बरेली | 27.08.2020 | श्री कपिल भारती पुत्र स्व० सतीश चन्द्र | श्रीमती सावित्री, श्रीमती रजनी भारती, श्रीमती सपना, श्रीमती अंजना | पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति/ऋणदायी संस्था/फर्म को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति पत्र प्राप्त न होने पर परिषद अभिलेखों के कॉलम 5 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सम्पत्ति प्रबन्धक



## कार्यालय सहायक अभियन्ता अध्ययन उपखण्ड, बनबसा

हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली।

### अल्पकालीन नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि सिंचाई विभाग हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के अध्ययन उपखण्ड, बनबसा के कार्यक्षेत्र में आने वाले सिंचाई विभाग की भूमि पर मात्र कृषि हेतु एक वर्ष (फसल खरीफ व रबी 1434 फसली) के लिये सार्वजनिक रूप से नीलामी दिनांक 04.05.2026 को समय 12 बजे अध्ययन उपखण्ड बनबसा के कार्यालय प्रांगण में अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया जायेगा। जो व्यक्ति कृषि कार्य हेतु भूमि लेने के इच्छुक हों, वे कृपया निश्चित समय, तिथि व स्थल पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी हेतु निर्धारित की गयी तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में नीलामी अगले कार्यदिवस में की जाये गी।

| क0 सं0 | स्थल व नीलामी का नाम | क्षेत्रफल (है0में) | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम हल्दी तहसील खटीमा जिला ऊधमसिंहनगर के गाटा 26 पर मात्र कृषि कार्य हेतु एक वर्ष (फसल खरीफ व रबी 1434 फसली) के लिये नीलामी। | 0.777 | रू0 3,000.00 |
| 2 | ग्राम हल्दी तहसील खटीमा जिला ऊधमसिंहनगर के गाटा 28 पर मात्र कृषि कार्य हेतु एक वर्ष (फसल खरीफ व रबी 1434 फसली) के लिये नीलामी। | 0.462 | रू0 2,000.00 |
| 3 | ग्राम हल्दी तहसील खटीमा जिला ऊधमसिंहनगर के गाटा 66 पर मात्र कृषि कार्य हेतु एक वर्ष (फसल खरीफ व रबी 1434 फसली) के लिये नीलामी। | 0.500 | रू0 10,000.00 |
| 4 | ग्राम हल्दी तहसील खटीमा जिला ऊधमसिंहनगर के गाटा 130 व 243 पर मात्र कृषि कार्य हेतु एक वर्ष (फसल खरीफ व रबी 1434 फसली) के लिये नीलामी। | 2.744, 3.377 | |
| 5 | ग्राम हल्दी तहसील खटीमा जिला ऊधमसिंहनगर के गाटा 241 पर मात्र कृषि कार्य हेतु एक वर्ष (फसल खरीफ व रबी 1434 फसली) के लिये नीलामी। | 3.079 | रू0 5,000.00 |
| 6 | पुरानी शारदा देवहा पोषक नहर के किमी0 0.400 पटरी दांयी पर नहरी भूमि पर मात्र कृषि कार्य हेतु एक वर्ष (फसल खरीफ व रबी 1434 फसली) के लिये नीलामी। | 0.4695 | रू0 1,000.00 |

नीलामी शर्तें:–

1. नीलामी केता को विभागीय भूमि किसी अन्य व्यक्ति को देने या उस पर किसी प्रकार का निर्माण करने का कोई अधिकार नहीं है। नहर की पटरी पर भूमि जिस स्थिति में है, उसे नीलामी बोली बोलने से पूर्व भली–भांति देख लें। नीलामी के बाद कोई उज्र/क्लेम मान्य नहीं होगा।
2. नीलामी अवधि में वह भूमि जिसे मात्र कृषि कार्य के लिये नीलामी पर दी जायेगी, उस भूमि से मिट्टी आदि किसी प्रकार का खनन नहीं किया जायेगा। नहरी भूमि पर स्थित किसी भवन, नाली वृक्ष आदि किसी सम्पत्ति को क्षति नहीं पहुंचायी अन्यथा कि स्थिति में नीलामी निरस्त कर दी जायेगी।
3. उच्चतम बोलीदाता को अपनी उच्चतम बोली की सम्पूर्ण धनराशि बोली समाप्ति होने के तुरान्त बाद एकमुश्त नकद जमा करनी होगी अन्यथा उसके द्वारा जमा धरोहर धनराशि शासकीय हित में जब्त कर ली जायेगी और उपरोक्तानुसार क्रमशः द्वितीय व तृतीय उच्चतम बोलीदाता को अवसर दिया जायेगा। साथ ही नीलामी धनराशि पर नियमानुसार जी0एस0टी0 सहित देय समस्त कर जमा करना होगा।
4. प्रत्येक इच्छुक बोलीदाता को बोली बोलने से पूर्व उक्त नीलामी विवरण के अनुसार एफ0डी0आर0/अपिरहार्य स्थिति में नकद धरोहर धनराशि जमा करके टोकन प्राप्त करना होगा। एफ0डी0आर0 अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के नाम बन्धक होगी। केवल टोकन धारक ही नीलामी में भाग ले सकेंगे।
5. अधिशासी अभियन्ता हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली को बिना कारण बताये नीलामी को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
6. कृषि कार्य हेतु नीलाम की गयी भूमि पर फसल खरीफ/रबी 1434 फसली के बाद नीलामी केता का कोई अधिकार नहीं होगा।
7. नीलामी केता को नीलामी धनराशि पर 8.50 प्रतिशत की दर से स्टाम्प शुल्क तथा रू0 100.00 मात्र का नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर जमा करना होगा।
8. इस भूमि पर ईख/गन्ना की फसल के अतिरिक्त खरीफ/रबी की फसल बोई जायेगी तथा नहरी भूमि पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं कराया जायेगा।
9. नीलामी बोली बोलने से पूर्व प्रत्येक बोली दाता को रू0 10.00 का स्टाम्प पेपर व पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी। नीलामी को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
10. नीलामी केता सिंचाई विभाग से लगी वन विभाग की भूमि एवं किसी भी वन सम्पदा को कोई क्षति नहीं पहुॅचायेगा अन्यथा उसके विरूद्ध वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी।
11. किसी भी प्रकार का विवाद/मतभेद होने पर अधिशासी अभियन्ता हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा।

सहायक अभियन्ता, अध्ययन उपखण्ड, बनबसा हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली

UP-250359 दिनांक 22.04.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


## छात्र-छात्राओं को बताए साइबर ठगी से बचने के उपाय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● केसरपुर में साइबर जागरूकता एवं मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार:** केसरपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में साइबर सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण को लेकर 'साइबर जागरुकता' एवं 'मिशन शक्ति 5.0' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हिन्दू जागरण मंच के तत्वावधान में किया गया।

थाना भुता प्रभारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की डिजिटल धोखाधड़ी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें, जिससे समय रहते वित्तीय लेन-देन को रोका जा सके। साइबर सेल से जुड़े उपनिरीक्षक ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन सुरक्षा के तकनीकी पहलुओं की जानकारी देते हुए पासवर्ड और निजी डाटा को सुरक्षित रखने की सलाह दी। महिला उपनिरीक्षक ने छात्राओं को उनके अधिकारों, महिला सुरक्षा कानूनों और आपात स्थिति में पुलिस सहायता प्राप्त करने के बारे में बताया। अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन से जुड़े हिमांशु पटेल ने संचालन देवेंद्र सिंह पटेल ने किया।

## ड्रग तस्करों पर बड़ी कार्रवाई दो मामलों में संपत्ति फ्रीज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● भमोरा थाने में दर्ज थे बदायूं के तस्करों पर मुकदमे, वाहन भी जब्त

**अमृत विचार:** भमोरा थाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को फ्रीज करा दिया। सक्षम प्राधिकारी एवं प्रशासक ने साक्ष्यों के आधार पर फ्रीजिंग के आदेश जारी किए हैं।

पहला मामला 9 जनवरी का है, जिसमें भमोरा पुलिस ने एक आरोपी और उसके साथियों को 61 किलो 500 ग्राम डोडा छिलका और 29 किलो 500 ग्राम डोडा पाउडर के साथ गिरफ्तार किया था। विवेचना के दौरान सामने आया कि आरोपी ने नशे की तस्करी से अर्जित धन से एक वाहन खरीदा था। इसके बाद 24 मार्च को संपत्ति फ्रीज करने का प्रस्ताव सक्षम प्राधिकारी को भेजा गया। सुनवाई के बाद 21 अप्रैल को वाहन को अवैध संपत्ति मानते हुए फ्रीज करने का आदेश जारी किया गया।

दूसरा मामला 31 दिसंबर का है, जिसमें एएनटीएफ बरेली और भमोरा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी को गिरफ्तार कर 3.5 किलो अफीम, मोबाइल फोन और नकदी बरामद की थी। आरोपी और उसके परिजनों द्वारा तस्करी से अर्जित धन से खरीदी गई एक स्प्लेंडर बाइक और एक वैगनआर कार को चिन्हित किया गया।

इसके बाद 27 मार्च को फ्रीजिंग का प्रस्ताव भेजा गया। 20 अप्रैल को दोनों वाहनों को फ्रीज करने का आदेश पारित किया गया। एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत चार तस्करों के खिलाफ सफेमा कोर्ट नई दिल्ली के आदेश पर फ्रीज की कार्रवाई की गई।

# कड़ी धूप, भीषण गर्मी और उमस से जूझते हुए पश्चिम बंगाल के मतदाताओं ने रचा इतिहास

## वक्त खत्म होने के बाद भी लगी रहीं कतारें, मतदान 95 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में बृहस्पतिवार को विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मतदाताओं ने इतिहास रच दिया। सुबह के वक्त सामान्य ढंग से शुरू हुआ मतदान समय गुजरने के साथ रफ्तार पकड़ता गया और शाम पांच बजे तक मतदाताओं ने 91.78 प्रतिशत का हैरतअंगेज रिकॉर्ड बना डाला। पांच बजे के बाद भी मतदान केंद्रों पर कतारें लगी होने के मद्देनजर अधिकारियों का कहना है कि अंतिम मतदान प्रतिशत और बढ़ सकता है, जो संभवतः 95 प्रतिशत के करीब पहुंच सकता है।

भीषण गर्मी और उमस के बावजूद मतदाता सुबह से ही मतदान केंद्रों के बाहर बड़ी संख्या में कतारों में खड़े नजर आए और जैसे-जैसे समय बीतता गया, मतदान की गति तेज होती गई। पहले दो घंटे में 3.60 करोड़ मतदाताओं में से 18.76 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और धीरे-धीरे मतदान में तेजी आई। पूर्वाह्न 11 बजे तक 41.11 प्रतिशत और अपराह्न एक बजे तक 62.18 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। तीन बजे तक 78 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके थे। एसआईआर के दौरान बड़ी संख्या में नाम काटे जाने को लेकर विवाद के बीच राज्य के 16 जिलों में मतदान से 294 सदस्यीय राज्य विधानसभा के 152 निर्वाचन क्षेत्रों में 167 महिलाओं सहित 1,478 उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला होगा। एसआईआर के तहत राज्य भर में मतदाता सूची से 91 लाख से अधिक नाम हटा दिए गए थे। वर्ष 2021 में भाजपा ने इन 152 सीटों में से 59 सीटें जीती थीं, जबकि तृणमूल को 93 सीटें मिली थीं।

मुर्शिदाबाद, बांकुड़ा और कूच बिहार में मतदान प्रतिशत लगभग 90 प्रतिशत या उससे अधिक रहा, जबकि मालदा, झाड़ग्राम और पश्चिम मेदिनीपुर में भी लगभग यही स्तर रहा। कलिम्पोंग में यह अपेक्षाकृत कम लगभग 81 प्रतिशत रहा। हिंसा की घटनाओं के बावजूद, राज्य में पिछले चुनावों की तुलना में मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा।

### जज्बा... जिसने कराया ऐतिहासिक मतदान





कड़ी धूप, बीमारी और शारीरिक असमर्थता को नजरंदाज कर मतदाता मतदान करने बूथों पर पहुंचे।





मेदिनीपुर में एक वृद्ध दिव्यांग ने वोट डाला, एक बुजुर्ग महिला को उसके परिजन वोट डलवाने लाए।

### ईवीएम की खराबी, केंद्रीय बलों की बदसलूकी की शिकायतें

अधिकारियों ने कहा कि मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा, लेकिन निर्वाचन आयोग को मतदान से जुड़ी करीब 500 शिकायतें प्राप्त हुईं, जबकि सीविजिल एप के माध्यम से 375 अन्य शिकायतें दर्ज की गईं। तृणमूल कांग्रेस ने दोपहर तक 700 से अधिक शिकायतें दर्ज कराने का दावा किया, जिनमें से कई ईवीएम में कथित खराबी और केंद्रीय बलों के आचरण से संबंधित थीं।

### सीईसी ने कहा- तमिलनाडु और बंगाल के मतदाताओं को सलाम

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के मतदाताओं का विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान करने के लिए आभार जताया और उनकी सराहना की है। ज्ञानेश ने शाम मतदान समाप्त होने के बाद एक बयान में कहा, चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के प्रत्येक मतदाता को सलाम करता है।

> रिकॉर्ड मतदान इस बात को दर्शाता है कि एसआईआर के कारण लोगों में यह डर है कि अगर वे वोट नहीं देते हैं तो वे अपने मतदान के अधिकार और नागरिकता खो सकते हैं। – **ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री**

### कड़ी धूप के कारण कई की हालत बिगड़ी, एक की मौत

मतदान के दिन स्वास्थ्य से जुड़ी कई आपात स्थितियां भी देखने को मिलीं। अकांडा (गाजोल) में बूथ नंबर 137 पर एक मतदान अधिकारी जयश्री कर्माकर अत्यधिक गर्मी के कारण बीमार पड़ गईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मालतीपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत क्षेमपुर पंचायत में बूथ नंबर 152 पर वोट डालते समय दिल का दौरा पड़ने से 50 वर्षीय मतदाता प्रोमिला बागदी की मृत्यु हो गई।

**दावे अपने-अपने**

## अधिक मतदान ममता के जोरदार समर्थन का संकेत पहले चरण में 125-134 सीट का दावा : तृणमूल

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दावे का खंडन किया कि पश्चिम बंगाल में भारी मतदान परिवर्तन के लिए शानदार जनादेश का संकेत है। तृणमूल ने दावा किया कि इसके बजाय यह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए जोरदार समर्थन का संकेत है। तृणमूल के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि मतदान प्रतिशत में हुई वृद्धि हमारे पक्ष में निर्णायक रूप से गई है और भाजपा को स्पष्ट रूप से खारिज किए जाने का संकेत है। घोष ने कहा, प्रथम चरण में जिन 152 सीटों पर मतदान हुआ है, पार्टी उनमें से कम से कम 125 सीटें जीतेगी, जो बढ़कर 132-134 तक भी जा सकती हैं।'' घोष ने तर्क दिया कि मतदान प्रतिशत अधिक रहने से तृणमूल को अधिक सीटें मिलेंगी और उन्होंने सत्ता-विरोधी लहर होने के विपक्ष के विमर्श को खारिज कर दिया।

## शुभेंदु अधिकारी ने कहा- पश्चिम बंगाल में चुनाव के पहले चरण में 125 से ज्यादा सीट जीतेगी भाजपा

**कोलकाता।** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने पहले चरण में 91.78 प्रतिशत के उच्च मतदान का हवाला देते हुए अनुमान जताया कि भाजपा इस चरण की 152 सीट में से 125 सीट जीतेगी। नंदीग्राम और भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्रों से भाजपा प्रत्याशी ने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी 2026 के विधानसभा चुनाव में निर्णायक जनादेश प्राप्त करने वाली है। उन्होंने सुचारू मतदान प्रक्रिया के लिए निर्वाचन आयोग को श्रेय दिया। अधिकारी ने कहा, राज्य में सत्ताधारी दल के खिलाफ भारी जनविरोधी लहर के चलते अल्पसंख्यक वोट एकजुट होते दिख रहे हैं, लेकिन परिणाम आने पर ही पता चलेगा कि हिंदू मतदाताओं का एक बड़ा बहुमत - लगभग 85 प्रतिशत भाजपा के साथ है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में पार्टी की संभावनाएं मजबूत बनी हुई हैं।

### केंद्रीय बलों के 2.5 लाख जवान तैनात, फिर भी नहीं रुकी हिंसा







चुनाव आयोग की ओर से पश्चिम बंगाल में सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए जाने के बावजूद हिंसा की घटनाएं नहीं रुकीं दक्षिण दिनापुर में भाजपा उम्मीद से मारपीट हुई तो उन्होंने भागकर जान बचाई। बीरभूम में भाजपा के एक पोलिंग एजेंट को पीटकर घायल कर दिया गया। मुर्शिदाबाद में भी टीएमसी और कबीर हुमायूं के कार्यकर्ताओं के हिंसक झड़पें हुईं।

### भाजपा प्रत्याशी पर हमले के आरोप में पांच गिरफ्तार

**कोलकाता।** दक्षिण दिनाजपुर जिले के कुमारगंज से भाजपा के उम्मीदवार शुभेंदु सरकार पर हमले के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।सरकार ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उनकी कार में भी तोड़फोड़ की। उन्होंने दावा किया कि कई बूथों से भाजपा के मतदान एजेंटों को जबरदस्ती हटाया जा रहा था। सरकार ने कहा, मैं ऐसे ही एक बूथ पर था, जब तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने मुझ पर हमला कर दिया।



मुर्शिदाबाद में उपद्रव के दौरान ब्लॉक की गई एक सड़क को खोलते सुरक्षाकर्मी।

## फर्जी मतदान, हिंसा और गड़बड़ियों ने चुनावी निष्पक्षता पर खड़े किए सवाल

सिलीगुड़ी, एजेंसी

- चुनाव आयोग की अभेद्य व्यवस्था का कई इलाकों में उड़ा मखौल

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के दौरान उत्तर बंगाल के कई हिस्सों में फर्जी मतदान, हिंसा और गड़बड़ियों की रिपोर्टें सामने आई हैं, जिसने मतदान प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

कूचबिहार, मालदा, उत्तर दिनाजपुर और दार्जिलिंग जैसे क्षेत्रों में मतदान के दौरान हिंसा और मतदाताओं को डराने-धमकाने की भी घटनाएं दर्ज हुई हैं। चुनाव आयोग की ओर से केंद्रीय बलों की भारी तैनाती और सीसीटीवी निगरानी के बावजूद फर्जी वोटिंग, हिंसा, मतदाताओं को वोट देने से रोकने और तकनीकी गड़बड़ियों के आरोपों ने इशारा किया कि जमीनी स्तर पर नियंत्रण से बाहर रहीं। कई निर्वाचन क्षेत्रों में फर्जी वोटिंग की घटनाओं की गंभीर शिकायतें सामने आईं हैं।

सिलीगुड़ी में बूथ नंबर 235 के तहत एक मतदान केंद्र पर पहली बार वोट देने आई एक महिला मतदाता को लंबी कतार में खड़े रहने के बाद पता चला कि उसका वोट पहले ही डाला जा चुका है। कई और मतदाताओं ने भी इसी तरह की शिकायत की। ऐसी ही शिकायतें फांसीदेवा में भी मिलीं। मालदा जिले में पोस्टल बैलेट के दुरुपयोग के कई मामले सामने आए।

हबीबपुर क्षेत्र के अंतर्गत बुलबुलचंडी में बूथ नंबर 231 पर एक बुजुर्ग मतदाता प्रकाश प्रसाद को बताया गया कि उनके नाम पर पहले ही एक पोस्टल बैलेट जारी किया जा चुका है और उसका इस्तेमाल भी हो चुका है, जिससे उन्हें वोट डालने से रोक दिया गया। गजोल भी इसी तरह धांधली का शिकार हो गईं।

### माथाभंगा में वोटरों को पैसे बांटने पर विवाद

माथाभंगा में भाजपा उम्मीदवार निशीथ प्रोमाणिक से जुड़े पोलिंग बूथों के पास तनाव बढ़ गया। आरोप लगे कि वोटरों के बीच पैसे बांटे जा रहे थे। दोनों खेमों के समर्थकों के बीच तीखी बहस हुई और 'जय बांग्ला' और 'जय श्री राम' जैसे नारे गूंजने लगे। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान नाम हटाए जाने की वजह से बड़ी संख्या में वोटरों के वोट न डाल पाने के कारण मालदा के सुजापुर के कई इलाकों में विरोध-प्रदर्शन हुए। मालतीपुर विधानसभा सीट के तहत खानपुर (बूथ नंबर 117) में जिन वोटरों के नाम वोटर लिस्ट से गायब थे, उन्होंने गांव की सड़कों पर प्रदर्शन किया। सुजापुर में भी कुछ ऐसी ही स्थिति देखने को मिली। तृणमूल की उम्मीदवार सबीना यास्मीन ने भाजपा और चुनाव आयोग की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि बड़ी संख्या में वोटरों को वोट डालने से वंचित किया गया।

## तमिलनाडु में द्रमुक और अन्नाद्रमुक ने किए अपनी-अपनी जीत के दावे

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के बाद सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और विपक्षी दल ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) तथा तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के बीच त्रिकोणीय मुकाबले के आसार जताए जा रहे हैं। द्रमुक और अन्नाद्रमुक दोनों ने चुनाव में अपनी-अपनी जीत का भरोसा जताया है।

मुख्यमंत्री एवं द्रमुख अध्यक्ष एमके स्टालिन ने कहा, तमिलनाडु जीतेगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, राज्यों के अधिकार और सामाजिक न्याय जैसे संविधान के सर्वोच्च मूल्यों को बरकरार रखने वाला जनता का वोट तमिलनाडु की रक्षा के लिए एक ढाल है। अन्नाद्रमुक प्रमुख ईके पलानीस्वामी ने भरोसा जताया कि उनकी पार्टी सत्ता में वापसी करेगी।

वहीं, भाजपा के नारायण तिरुपति ने ऐतिहासिक मतदान प्रतिशत का श्रेय एसआईआर की कवायद को दिया। उन्होंने कहा, हमने बिहार, असम, पश्चिम बंगाल, केरल और पुडुचेरी में देखा है और अब तमिलनाडु में भी। इसलिए, चुनाव आयोग को पूरा श्रेय जाता है।तमिलनाडु में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान राज्य में मतदाताओं की संख्या अक्टूबर 2025 में दर्ज 6.41 करोड़ से घटकर 5.73 करोड़ रह गई थी।



चेन्नई के एक पोलिंग बूथ पर मतदान करने के लिए कतार में खड़ीं महिला मतदाता।

## चुनाव आयोग ने लोगों के अधिकार सीमित करने की कोशिश की: कोर्ट

कोलकाता, एजेंसी

- दोपहिया वाहनों पर प्रतिबंध लगाने पर की सख्त टिप्पणी, पूछा- क्या ऐसा अधिकार है

कलकत्ता हाईकोर्ट की न्यायाधीश कृष्णा राव ने चुनाव आयोग की शक्तियों को लेकर सवाल उठाया है। न्यायाधीश राव ने आयोग की ओर से दोपहिया वाहनों पर लगाए गए प्रतिबंधों के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए पूछा कि क्या आयोग के पास ऐसे प्रतिबंध लगाने की शक्ति हैं।

उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा दोपहिया वाहनों के इस्तेमाल पर लगाए गए प्रतिबंधों ने आम लोगों के अधिकारों को सीमित कर दिया है, जो दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा, आपने किसी और राज्य में ऐसा आदेश कब पारित किया है, मुझे बताइए। चुनावों के दौरान दोपहिया वाहनों के इस्तेमाल को रोकने के पीछे क्या तर्क है। उ

न्होंने सवाल उठाया कि क्या आयोग के पास ऐसा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करने की शक्ति है। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल चुनावों से पहले और चुनावों के दिनों में दोपहिया वाहनों के इस्तेमाल पर आयोग द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को चुनौती देने वाली एक याचिका बुधवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय में दायर की गयी थी। यह याचिका न्यायाधीश कृष्णा राव की अदालत में दायर की गई थी।

## खरगे ने नहीं किया आचार संहिता का उल्लंघन, चुनाव आयोग का कदम अनुचित

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस ने लगाया नोटिस के पीछे गुप्त मंसूबा होने का आरोप

कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग द्वारा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को दिए कारण बताओ नोटिस पर बृहस्पतिवार को आयोग को शुरुआती जवाब भेजा। पार्टी ने दावा दिया कि खरगे ने आचार संहिता का कोई उल्लंघन नहीं किया है तथा आयोग का यह कदम नैसर्गिक न्याय के खिलाफ है और इसमें कोई गुप्त मंसूबा दिखाई पड़ता है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भेजे पत्र में विस्तार से जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय भी मांगा है। निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'आतंकवादी' कहे जाने का बुधवार को गंभीरता से संज्ञान लिया था और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था। रमेश ने दावा किया कि आयोग की ओर से नोटिस जारी करते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया गया और खरगे को दो नोटिस जारी कर दिए गए।

उन्होंने कहा, एक नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि आदर्श आचार संहिता का कथित तौर पर उल्लंघन अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ'ब्रायन की दिनांक 21 अप्रैल की शिकायत पर आधारित था। दूसरा नोटिस जो आपकी वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है, उसमें अजीब तरह से शिकायतकर्ता के रूप में उनका नाम हटा दिया गया है।

### जवाब के लिए सिर्फ 24 घंटे का समय देने पर भी जताई आपत्ति

रमेश ने कहा, सबसे पहले हम कांग्रेस अध्यक्ष को नोटिस में उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों का जवाब देने के लिए दिए गए 24 घंटे के समय पर आश्चर्य व्यक्त करना चाहेंगे। आप जानते होंगे कि यह निश्चित रूप से पर्याप्त समय नहीं है, क्योंकि कांग्रेस अध्यक्ष इन दिनों चुनाव प्रचार करने में व्यस्त हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि आयोग नैसर्गिक न्याय के निर्वहन के बजाय एक औपचारिकता के रूप में नोटिस को क्रियान्वित कर रहा है।

## बिहार : महिलाओं पर विवादित बयान को लेकर पप्पू यादव ने सार्वजनिक रूप से मांगी माफी

बिहारशरीफ, एजेंसी

पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने महिलाओं पर दिए गए अपने विवादित बयान को लेकर बृहस्पतिवार को सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। पप्पू यादव ने सोमवार को आरोप लगाया था कि राजनीति में सक्रिय अधिकांश महिलाएं पुरुषों के शयनकक्ष के रास्ते आगे बढ़ी हैं।

इस बयान की राजग के नेताओं




- कहा- मेरी माफी सिर्फ महिलाओं से, गंदे नेताओं से नहीं

तथा बिहार राज्य महिला आयोग ने कड़ी निंदा की थी। राज्य के कई हिस्सों में महिलाओं की बड़ी भागीदारी के साथ विरोध-प्रदर्शन और रैलियां भी आयोजित की गई थीं, जिनमें यादव से माफी मांगने की मांग की गई थी। यादव ने कहा, यदि राजनीति में सक्रिय महिलाओं को मेरे बयान से ठेस पहुंची है तो मैं उनसे माफी मांगता हूं। लेकिन यह माफी बहनों और बेटियों से है, नेताओं से नहीं। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई ऐसे गंदे नेताओं के खिलाफ है, जिनके विरुद्ध यौन उत्पीड़न के दृश्य प्रमाण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं।

## नासिक में एक और स्वयंभू बाबा पर यौन शोषण का केस

**नासिक।** अशोक खरात की गिरफ्तारी के बाद, नासिक पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर एक अन्य स्वयंभू बाबा के खिलाफ यौन शोषण का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि हालांकि कथित अपराध 2024 में हुए थे, लेकिन अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा परामर्श दिए जाने के बाद महिला ने हिम्मत जुटाई और बुधवार को महेशगिरि उर्फ महेश दिलीप काकड़े (31) के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

## पंजाब पुलिस ने 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' के प्रसारण पर रोक के लिए पत्र लिखा

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि वह ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई पर आधारित डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' का प्रसारण रोकने का निर्देश दे, क्योंकि इससे सार्वजनिक व्यवस्था को गंभीर खतरा हो सकता है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव को लिखे पत्र में पंजाब पुलिस के साइबर अपराध विभाग ने यह भी कहा कि इस तरह की सामग्री की उपलब्धता से युवाओं के प्रभावित होने और आपराधिक या गैंगस्टर से संबंधित गतिविधियों की ओर आकर्षित होने का खतरा बढ़ जाता है। 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' 27 अप्रैल को जी5 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है। इससे पहले, पंजाब कांग्रेस के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर वेबसीरीज पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया था।

उन्होंने कहा कि अपराध और गैंगस्टर संस्कृति का महिमामंडन करना युवा पीढ़ी के कोमल मन पर 'खतरनाक और विनाशकारी' प्रभाव डाल सकता है।

## राजस्थान सरकार ने बढ़ाया महंगाई भत्ता

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने राज्य कर्मियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से 12 लाख से अधिक कर्मियों और पेंशनभोगियों को लाभ मिलेगा। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सातवें वेतन आयोग के तहत महंगाई भत्ता और महंगाई राहत अब 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो जाएगा और यह निर्णय एक जनवरी 2026 से प्रभावी होगा।

**पहल** नौवीं की गणित की नई पाठ्यपुस्तक में प्राचीन भारतीय गणितीय प्रणालियों के संदर्भ शामिल

## एनसीईआरटी का भारत की गणितीय विरासत पर खास जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा नौवीं की गणित की नई पाठ्यपुस्तक में प्राचीन भारतीय गणितीय प्रणालियों के संदर्भ शामिल हैं और मुख्य अवधारणाओं के साथ ऐतिहासिक संदर्भ को समाहित किया गया है। यह कदम पहले की पुस्तकों की तुलना में एक बदलाव को दर्शाता है।



गणित मंजरी भाग-एक पाठ्यपुस्तक स्वदेशी गणितीय योगदानों पर अधिक जोर देती है। इसके विपरीत, पिछली पुस्तक में प्राचीन भारतीय गणित के सीमित संदर्भ थे और वह मुख्य रूप से प्रक्रियात्मक शिक्षण पर केंद्रित थी। आठ अध्याय और 196 पन्नों वाली इस पाठ्यपुस्तक को 2026-27 शैक्षणिक सत्र से लागू किया जाएगा।

पुरानी पाठ्यपुस्तक में संख्या प्रणाली, पूर्णांक और अपरिमेय संख्याओं जैसे विषयों को मुख्य रूप से परिभाषा-आधारित तरीके से प्रस्तुत किया गया था। इसके विपरीत, नई पुस्तक इन अवधारणाओं को ऐतिहासिक कथाओं के साथ जोड़ती है और उन्हें प्राचीन ग्रंथों तथा विद्वानों से संबंधित संदर्भों के माध्यम से समझाने का प्रयास करती है। उदाहरण के लिए, संशोधित पाठ्यपुस्तक सिंधु-सरस्वती सभ्यता को प्रारंभिक ग्रिड-आधारित सोच का श्रेय देती है और इसे व्यवस्थित स्थानिक नियोजन के एक उदाहरण के रूप में वर्णित करती है।

पाठ्यपुस्तक में यह भी कहा गया है कि प्राचीन भारतीय गणितज्ञ बौधायन ने अपनी गहन ज्यामितीय रचनाओं के लिए पूर्व-पश्चिम और उत्तर-दक्षिण रेखाओं का उपयोग करने के साथ बौधायन-पाइथागोरस प्रमेय विकसित किया और इस प्रकार निर्देशांक ज्यामिति की नींव रखी। पुस्तक में ब्रह्मगुप्त को महत्वपूर्ण अवधारणाओं को औपचारिक रूप देने का श्रेय दिया गया है। इसमें कहा गया है कि उन्होंने शून्य और ऋणात्मक संख्याओं की अवधारणा को बीजीय इकाइयों के रूप में औपचारिक बनाया।

